>

Title: Need to revive the sugar mill in Rampur, Uttar Pradesh.

**श्रीमती जयाप्रदा (रामपुर):** अध्यक्ष महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र रामपुर गन्ना उत्पादक जिला है और वहां हजारों लोग गन्ने की खेती करते हैं। रामपुर नगर में एकमात्र चीनी मिल यू.पी. स्टेट शुगर कॉर्पोरेशन की है, जो वर्ष 1999 में बन्द हो गई थी। उसे वर्ष 2005 में, तत्कालीन मुख्य मंत्री, श्री मुलायम सिंह के समय में दुबारा चलाया गया। पुनर्वास योजना के अन्तर्गत नवीन प्रोजैक्ट के कार्य हेतु 62 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है तथा पहली किस्त में 25 करोड़ रुपए देकर कार्य प्रारम्भ किया गया है और लगभग 30 प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है। सरकार परिवर्तन के कारण अब इस प्रोजैक्ट को रोक दिया गया है। इस कार्य को पूर्ण करने हेतु शेष धन लगभग 56 करोड़ रुपए अभी तक बचा हुआ है और वह पी.एल.ए. लखनऊ में जमा है, जबकि उत्तर प्रदेश की इस योजना को केन्द्र सरकार द्वारा निरस्त नहीं किया गया है, फिर भी प्रदेश सरकार ने इसका कार्य रोक दिया है।

महोदय, इस चीनी मिल के बन्द हो जाने के कारण रामपुर के हजारों लोग बेरोजगार हो गए हैं और सैकड़ों लोग बेघर हो गए हैं। इसकी वजह से गरीबी और भुखमरी बहुत बढ़ गई है और इससे लोगों को बहुत परेशानी हो रही है। इस सरकारी मिल के बन्द होने पर, जो प्राईवेट मिल वाले हैं, वे इसकी पर्चियों में भी गड़बड़ी कर रहे हैं। इसलिए मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध करती हूं कि वह प्रदेश सरकार को निर्देश दे कि जो पैसा बचा हुआ है, उसे तुरन्त रिलीज किया जाए, ताकि चीनी मिल को फिर से चलाया जाए और इसके बन्द होने से उस क्षेत्र के जो लाखों लोग, भुखमरी, गरीबी एवं परेशानियों का शिकार हो रहे हैं, उन्हें बचाने का प्रावधान हो सके।